# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–01.10.2023 (सवेरे– 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से आज सुबह 10 बजे एकजुट होकर 1 घंटा स्वच्छता के लिए समर्पित करने और देश का भविष्य उज्ज्वल बनाने में सहयोग देने की की अपील।**
2. **संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा–2016 के चयनित 813 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री 16 अक्तूबर को प्रदान करेंगे नियुक्ति पत्र, शिक्षा विभाग ने भाुरू की तैयारी।**
3. **आज से तीन दिनों तक बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।**
4. **चीन में खेले जा रहे एशियन गेम्स में आज बैडमिंटन में पुरुष और महिला टीम फाइनल मैच खेलेंगी, गोल्फ के फाइनल मैच से भारतीय खिलाड़ी स्वर्ण पदक के लिए पेश करेंगे दावेदारी।**

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से आज सुबह 10 बजे एकजुट होकर एक घंटा स्वच्छता के लिए समर्पित करने और देश का भविष्य उज्ज्वल बनाने में सहयोग देने की अपील की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत देश के सभी पारिवारजनों की सामूहिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। झारखंड समेत देशभर में आज विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसमें खास और आम भी श्रमदान करेंगे।

****************

दुमका जिले में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा वेस्टर्न पब्लिक स्कूल में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वच्छता शपथ जागरूकता रैली तथा श्रमदान से विद्यालय के आसपास सफाई की गई।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दोपहर बाद तेलंगाना के महबूब नगर पहुंच रहे हैं। श्री मोदी 21 हजार पांच सौ छियासठ करोड़ रुपये लागत वाली विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे और कुछ अन्य परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। ये परियोजनाएं सड़क और रेल ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा और बिजली से संबंधित हैं। वे जकलेर–कृष्णा रेलवे लाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिसे पांच सौ पांच करोड़ की लागत से मुनीरबाद–महबूबनगर रेलखंड पर बनाया गया है। इससे हैदराबाद और गोवा के बीच की दूरी एक सौ किलोमीटर कम हो जाएगी। श्री मोदी कुचीगुड़ा–रायचूर डेमू रेल सेवा और चार लेन वाले सूर्यपेट–खम्माम राजमार्ग का उद्घाटन करेंगे, जिसे दो हजार चार सौ 57 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। प्रधानमंत्री छह हजार चार सौ करोड़ रुपये की लागत वाली कुछ अन्य सड़क परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। वे हासन–चार्लापल्ली एलपीजी पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिसे एचपीसीएल ने दो हजार छह सौ 61 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया है। इससे एलपीजी गैस उपभोक्ताओं की संख्या 37 लाख बढ़ जाएगी। वे आज शाम महबूबनगर में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

****************

संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा–2016 के चयनित 813 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 16 अक्तूबर को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस संबंध में शिक्षा विभाग के सचिव के रवि कुमार ने सभी जिलों के उपायुक्त को पत्र लिख कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि अनुशंसित स्नातक प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों के मिलान के बाद नियुक्ति के लिए जिला शिक्षा स्थापना समिति की शीघ्र बैठक बुलायी जाये। नियुक्ति पत्र तैयार कर संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को अभ्यर्थियों के साथ 16 अक्तूबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

****************

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आरबीआई ने दो हजार रुपए के नोट बैंक में जमा करने या दूसरे नोटों से बदलने की तारीख सात अक्टूबर तक बढ़ा दी है। आरबीआई ने आज सर्कुलर जारी कर कहा कि नोट बदलने की तय समय सीमा खत्म होने के बाद समीक्षा के आधार पर दो हजार रुपए के नोट को जमा और बदलने की मौजूदा व्यवस्था को इस वर्ष सात अक्टूबर तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। इससे पहले आरबीआई ने इसी वर्ष उन्नीस मई को एक सर्कुलर जारी कर तीस सितंबर तक दो हजार रूपये के नोट बैंकों में जमा करने या बदलने के लिए कहा था।

****************

बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का असर झारखंड में दिखने लगा है। राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में बारिश हो रही है। हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश अगले तीन दिनों तक हो सकती है, वहीं चार अक्टूबर से बारिश में कमी आ सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा कि अगले 24 घंटे में इसके और प्रभावी होने की उम्मीद है।

****************

रामगढ जिले में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

पूर्व नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन और यौन उत्पीड़न से संबंधित मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने कल फैसला सुनाया। अदालत ने मुख्य आरोपी रकीबुल हसन, उसकी मां कौशल रानी और हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर पांच अक्टूबर को सुनवाई होगी।

****************

गिरिडीह जिले के बेंगाबाद पुलिस इंस्पेक्टर के मुंशी को धनबाद एसीबी की टीम ने पांच हजार रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी धनबाद के एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि एक व्यक्ति से एक मुकदमा से नाम हटाने के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी। गिरफ्तारी के बाद मुंशी की तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद पुलिस ने गिरिडीह सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

****************

खूंटी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा परिसर में कल आयुष्मान भारत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।

****************

एशियाई खेलों में आज बैडमिंटन में पुरुष और महिला टीम फाइनल मैच खेलेंगी। गोल्फ के फाइनल मैच से भारतीय खिलाड़ी स्वर्ण पदक के लिए दावेदारी पेश करेंगे। महिला हॉकी में आज भारत का मुकाबला कोरिया से होगा। कैनोइंग और कयाकिंग के राउंड 1 से सेमीफ़ाइनल तक के मुकाबले खेले जाने है साथ ही कुराश में भी राउंड 1 से फ़ाइनल तक के मुकाबले होंगे।

****************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

नेशनल शूटर तारा शाहदेव के साथ जबरन धर्म परिवर्तन और यौन उत्पीड़न मामले में हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार, पति और सास को दोषी करार दिए जाने के फैसले को राज्य के सभी प्रमुख अखबारों ने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर ने** पहले पन्ने पर सुर्खी बनाई है झारखंड में दो हजार के नोट छत्तीस हजार करोड़ रुपए बैंकों में लौटे, चार हजार करोड़ रुपए लौटने बाकी

**हिन्दुस्तान** ने लापुंग में बालू कारोबारी को एके 47 से अंधाधुंध फायरिंग कर भूना, मौत से संबंधित खबर को पहले पन्ने पर लिया है।

**दैनिक जागरण** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खबर को प्रमुखता से लेते हुए लिखा है आकांक्षी जिलों ने बदला पच्चीस करोड़ लोगों का जीवन

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है रांची एयरपोर्ट के 20 किलोमीटर के दायरे में 55 ऊंची इमारतें विमानों के लिए खतरा, हो सकता है हादसा।

**हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया** ने चीन में चल रहे एशियन गेम्स में भारतीय टीम स्क्वॉश और टेनिस में जीता स्वर्ण पदक की खबर को प्रमुखता से स्थान दिया है।

**********समाप्त*************